मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 | वर्ष 16 | मूल्य 2.00 रुपए | अंक 187 | जयपुर, मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीएसआईआर-सीरी में स्किल कॉन्क्लेव में 19 को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आएंगे

पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में 19 फरवरी को ESDM Skill Conclave 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

यह कॉन्क्लेव इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रतिनिधि और शोधकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर सीरी द्वारा विकसित नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा अपने संबोधन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ पीसी पंचारिया आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और कौशल विकास में सीरी की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान और उद्योग-शिक्षा संवाद भी आयोजित किए जाएंगे, जो श्वस्छरू क्षेत्र में उन्नत तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित होंगे।

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी इस महत्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में अनुसंधान एवं नवाचार की भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।